कार्यशाला का शुभारंभ

भरतपुर (निस)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भरतपुर में प्राचार्य नीलमणि चौधरी की अध्यक्षता में पांच दिवसीय ई-कंटेंट निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य चौधरी ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों को सरल और रोचक ढंग से से प्रस्तुत करने के लिए नवीनतम डिजिटल टूल्स का उपयोग करना है। और यह प्रशिक्षण शिक्षकों को डिजिटल सामग्री का निर्माण करने में कुशल बनाएगा, जो शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। ईटी प्रभाग अध्यक्ष मुकेश कुमार अग्रवाल और ईटी प्रभाग प्रभारी प्रभा गुप्ता ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की और कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते समय के साथ शैक्षिणक परिदृश्य में बड़ा बदलाव आ रहा है। इसमें ई-कंटेंट का भी बहुत महत्त्व है। नई शिक्षा नीति में शिक्षा के डिजिटलीकरण और गुणवत्ता को प्राथमिकता दी गई है। ई-कंटेंट न केवल छात्रों को शिक्षा का नवीन अनुभव प्रदान करता है बल्कि उनके समझने के कौशल को भी बढ़ाता है। डिजिटल युग में शिक्षकों के लिए यह आवश्यक है कि वे नए तरीकों को अपनाकर विद्यार्थियों को आकर्षित कर सकें और शिक्षा को सजीव बना सकें। ई-कंटेंट के माध्यम से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि बच्चों के सीखने में रुचि भी बढ़ेगी और यह एक अहम कदम साबित होगा।

जिला कलेक्टर के निर्देशन में जिलेभर में अधिकारियों ने परखी स्कूलों का व्यवस्थाऐं

भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देशन में शनिवार को

■ **जिला कलेक्टर डॉ यादव ने जिला मुख्यालय स्थित महाराजा बदनसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षिणक गुणवत्ता का परखा तथा विषयवार कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिये**

कलेक्टर के निर्देशन में शनिवार को जिले भर मे विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया ।

जिले भर में प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षिणक गुणवत्ता, भवन की स्थिति, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं योजनाओं में पात्र विद्यार्थियों को लाभान्वित की स्थिति का जायजा लिया। जिला कलेक्टर डॉ यादव ने जिला मुख्यालय स्थित महाराजा बदनसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षिणक गुणवत्ता का परखा तथा विषयवार कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्पूर्ण परिसर का भ्रमण कर भवन की स्थिति, साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा क्षितग्रस्त भवनों को हटवाने एवं नवीन कक्षों के निर्माण का प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी कमियों को समय पर एसडीएमसी के माध्यम से ठीक कराया जाये। उन्होंने कहा कि आने वाले सर्दी के मौसम एवं मच्छरों से बचाव के लिए कमरों की खिडकियों के टूटे हुए शीशे एसडीएमसी के माध्यम से जाली के साथ नये लगवाने की कार्यवाही शीघ्र करायें। जिला कलक्टर ने कहा कि पुराने जर्जर भवन के अनुपयोग को दखते हुए इसे नगर विकास न्यास के माध्यम से जमीदोज करायें जिससे किसी प्रकार का हादसा नहीं हो। उन्होंने कमरे में आनी वाली सिलन को रोकने के लिये पानी की टंकी के नल को प्लम्बर द्वारा बदलवाने के निर्देश दिये। उन्होंने शौचालय की साफ सफाई एवं भवन की छतों की साफ-सफाई लेबर लगाकर करवाने, सीढ़ियों की साफ-सफाई एवं पेड़ों की कटाई करवाने हेतु लेबर लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय की मरम्मत हेतु राशि के लिये प्रस्ताव बनाकर समसा के माध्यम से करवाये जाने की कार्यवाही करें जिससे विद्यार्थियों को पुस्तकालय काम आ सके। उन्होंने कमरों की देहरी को एसडीएमसी से माध्यम से हटवाने के निर्देश भी दिये।

जिला कलक्टर के निर्देशन में जिलेभर में 14 प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा 31 स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल ने विद्यालयों में शैक्षिणक गुणवत्ता, परिसर में साफ-सफाई, भवन की उपयोगिता, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों का उपयोग की स्थिति तथा विभागीय योजनाओं का विद्यार्थियों को लाभ की स्थिति को देखा। निरीक्षण दल में जिला कलक्टर के अतिरिक्त, प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी भरतपुर राजीव शर्मा सहित जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी, एसीईओ जिला परिषद, जिले के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार शामिल रहे।

सार-समाचार

अन्नकूट प्रसादी का आयोजन

करौली (नि.स.)। दीपावली पर्व के बाद गोवर्धन पूजा से शुभारंभ हुए अन्नकूट प्रसादी कार्यक्रमों का सिलसिला अभी जारी है शनिवार को शहर के शिव पैलेसके अलावा केसरिया धाम हनुमान मंदिर रणगमा ताल एव चैबे कॉलोनी मे भक्तो द्वारा अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने पंगत लगाकर प्रसादी ग्रहण कि। शहर के अस्पताल रोड स्थित शिव पैलेस में भक्त मंडल के कैलाश चंद मास्टर, मोहनलाल गुप्ता, मदन मोहन गुप्ता, नरेश मावा वाला, वीरेंद्र गुर्जर उर्फ ठंडी, मदन पान वाले, अशोक गुप्ता,हरिओम गुर्जर,मनोज बीड़ी वाले,ब्रह्मा हलबाई,विशंभर गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, कन्हैयालाल माली, विजय सपोटरा आदि के द्वारा अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण कि जहां आयोजकों ने क्षेत्रीय विधायक का माला साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। शहर के लोगों ने पंगत लगाकर प्रसादी ग्रहण की उधर चैबे पांडे में भी भक्त मंडल द्वारा हनुमान मंदिर पर अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो कि संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की वही रणगमा ताल स्थित केसरिया धाम हनुमान मंदिर पर भक्त मंडल द्वारा प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमे भी लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि यह सनातनी धार्मिक परंपरा सदियों से चली आ रही है जिसको आज तक लोग बखूबी से निभा रहे हैं और दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा से लेकर पूर्णिमा तक अन्नकूट प्रसादी का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ करते आ रहे है ऐसे आयोजनों से भाईचारा, आपसी प्रेमभाव बढ़ता है ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए।

तीन जनो को किया गिरफ्तार

गंगापुर सिटी । पुलिस ने गंगापुर सिटी में जुआ खेलते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 3 हजार 680 रुपए सहित ताश के पत्ते जब्त किए हैं। उदेई मोड और वजीरपुर थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई की। उदेई मोड थानाधिकारी नरेश पोसवाल ने बताया कि एसपी ममता गुप्ता के आदेशानुसार चलाए जा रहे अभियानों को सफल बनाते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गंगापुर सिटी राकेश राजौरा व पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीना के निर्देशन में थाना उदेई मोड, वजीरपुर ने कार्रवाई करते 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। शिवचरण पुत्र प्रभुदयाल मीना निवासी अरनियां थाना सदर गंगापुरसिटी, सद्दाम पुत्र शकुर निवासी चूलीगेट गंगापुरसिटी को ताश के पत्ते व जुआ राशि 2 हजार 560 रुपए को जब्त कर एवं दोनों अभियुक्तों को धारा 13 आरपीजीओ के तहत गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार वजीरपुर थाना पुलिस ने लईक अहमद पुत्र सईद अहमद निवासी पुराने थाने के सामने बजीरपुर को सट्टा उपकरण सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी से जुआ राशि 1 हजार 120 रुपए बरामद हुए हैं।

5 घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई आज

गंगापुर सिटी । मेंटेनेंस के चलते रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक शहर में 5 घंटे तक बिजली बंद रहेगी। इसके चलते हजारों बिजली उपभोक्ता प्रभावित होंगे। कनिष्ठ अभियंता सालौदा सतीश मीणा ने बताया कि बायपास रोड गंगापुर सिटी एनएचएआई द्वारा 33 केवी लाइन पर कार्य किया जाएगा। इसके कारण 33 केवी सालौदा और 33 केवी पीलौदा लाइन पर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी। इसके चलते पूरे सालौदा पावर हाउस की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता सतीशचंद ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते उदेई मोड, कॉलेज रोड, सालौदा व रीको औद्योगिक क्षेत्र की बिजली आपूर्ति सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि शहर में ही सालौदा पावर से जुडे उदेई मोड, कॉलेज, सालोदा, रीको क्षेत्र में करीब 1० हजार उपभोक्ता हैं और 17 नवंबर को बिजली बंद रहने से इस क्षेत्र के उपभोक्ता प्रभावित होंगे।

पौन किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार

गंगापुर सिटी । नादौती थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 754 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस आरोपी से खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। थानाधिकारी महेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा व टोडाभीम पुलिस उपाधीक्षक मुरारी लाल मीना के सुपरविजन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत की जा रही गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर भीलापाडा रोड नादौती से एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए अभियुक्त कप्तान सिंह पुत्र मोहर सिंह गुर्जर निवासी सिकन्दरपुर नादौती थाना को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 754 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि पकडे गए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। पुलिस टीम में थानाधिकारी महेन्द्र कुमार शर्मा, कॉन्स्टेवल बनवारी, बहादुर सिंह, हरेन्द्र और कॉन्स्टेबल ड्राइवर प्रमोद शामिल था।

नये कैम्पस की साफ-सफाई की

भुसावर (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावरके एन.एस.एस. वालण्टियर्स ने महाविद्यालय के नये कैम्पस की साफ-सफाई की। नये पौधों के थाले बनाये तथा अवांछित शाखाओं को हटाकर पौधों को सही आकार दिया। कैम्पस में इस वर्ष लगाये गये लगभग 200 पौधों को सहारा दिया ताकि पौधे सीधे बढें। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि अच्छी बढवार के लिए नये पौधों के थाले बनाकर गुडाई करना तथा खाद व पानी देना जरूरी है। डॉ राहुल कुमार ने कहा कि कृषि महाविद्यालय भुसावर के एनएसएस वालण्टियर्स को प्रेरित कर देश व समाज सेवा के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्हें स्वच्छता, रक्तदान, पीड़ितों की सेवा सहित तमाम सामाजिक सरोकारों से जोडा जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओ को शारीरिक श्रम का महत्व समझना चाहिए। डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि हमें ''मै नही आप'' थीम पर काम करना चाहिए।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

भरतपुर (निस)। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर लोहागढ़ प्रेस क्लब समिति की ओर से शनिवार को प्रेस का बदलता स्वरूप विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे वक्ताओं ने पत्रकारों की स्वतंत्रता और पत्रकारों की जिम्मेदारी को लेकर अपने विचार व्यक्त किये। प्रेस क्लब के अध्यक्ष उमेश लवानिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में प्रेस की स्वतंत्रता पर राजनीति हावी होती जा रही है और पत्रकार खुलकर अपने विचार प्रकट नहीं कर पाते हैं। अध्यक्ष उमेश लवानिया ने कहा कि प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है जो नागरिकों को सटीक, निष्पक्ष और निर्भिक सूचना प्रदान करता है यह न केवल सशक्त समाज का निर्माण करता है बल्कि सत्ता की जबाबदेही भी सुनिश्चित करता है। पत्रकारिता के उच्चतम मापदण्डों को अपनाने और अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता का सम्मान करने का संकल्प लें। संगोष्ठी में टोंक जिले के अलीगढ के समरावत गाँव में पत्रकार अजीत सिंह शेखावत व कैमरामैन धर्मेन्द्र के साथ कवरेज के दौरान की गई मारपीट की निन्दा करते हुये राज्य सरकार से शीघ्र ही दोषियों को गिरफतार करने की माँग रखी गयी। समाचार प्रकाशित करने से पूर्व पत्रकार को राजनीति से जुडे लोग सोचने पर मजबूर कर देते हैं। इस दौरान उन्होंने लोकतंत्र में पत्रकारों की स्वतंत्रता और जिम्मेदारी का एहसास करते हुए कहा कि स्वच्छंद और साफ सुथरी पत्रकारिता का भविष्य चौपट होता हुआ दिखाई दे रहा है। गिने चुने पत्रकार ही है जो ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा के साथ अपनी पत्रकारिता के कार्य को निष्ठा के साथ पूर्ण कर रहे हैं।

कार्यशाला का आयोजन

भरतपुर (निस)। गांव आऊ में भाजपा का संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुनील प्रधान जिला प्रभारी एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य एवं कार्यशाला की अध्यक्षता तारा सिंह सिनसिनवार ग्रामीण भाजपा मण्डल अध्यक्ष डीग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज खंडेलवाल के सानिध्य मे आयोजित की गई। इस संगठन कार्यशाला में मंडल में निवास करने वाले जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी मंडल बूथ अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक उपस्थित हुए। जिनमें मुख्य रूप से शक्ति केंद्र संयोजक राकेश एवं तहसील ब्लाक तहसील अध्यक्षयुवा मोर्चा युवा मंडल मोर्चा मंडल अध्यक्ष बृज बिहारी जादौन शक्ति केंद्र संयोजक गोपाल पंडित एवं हेमंत शर्मा मंत्री ब्लॉक कमेटी व्यक्ति एवं लोक उपस्थित हुए।

कलाकारों की दमदार प्रस्तुति से सफल रहा नाटक

भरतपुर (निस)। नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में नाद सोसायटी के रंगमंडल द्वारा अनिल मारवाड़ी द्वारा लिखित और निर्देशित ढुढाडी भाषा का नाटक चोखा की आस का सफल मंचन किया गया। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि इंसान भक्ति करता है तो उसे भगवान फल जरूर देता है लेकिन जब उसका परिवार लालची बन जाता है तो बर्बाद होता है।

■ **नाद सोसायटी के रंगमंडल द्वारा अनिल मारवाड़ी द्वारा लिखित और निर्देशित ढुढाडी भाषा का नाटक चोखा की आस का सफल मंचन किया गया।**

'कथाकार' गांव के पंडित जी भजन गाने का शौक रखते हैं लेकिन उनकी पत्नी इस बात से जलती है। इस भजन गाने की शौक से वह अपना घर का खर्चा नहीं चला पाता एक बार इस बात पर पंडिताइन झगड़ा कर लेती है और पंडित की बेज्जती कर घर से बाहर निकाल देती है। पंडित इसे अपनी बेइज्जती समझ आत्महत्या करने के लिए चले जाते। जंगल में उन्हें एक हंस मिलता है और वह उन्हें भजन गाने की एवज में एक खजाने का पता देता है। जो की एक शेर की गुफा होती है किंतु पंडित थोड़ा सा धन लेकर चले जाते हैं, जब इस बात का पंडिताइन को पता चलता है तो बड़ी नाराज होती है और फिर से जंगल जाने के लिए कहती है, पंडित दोबारा हंस के पास जाते है तो वहां हंस की जगह एक कौवा मिलता है वो पंडित को गुफा से सारा धन ले जाने के लिए कहता है। किंतु जैसे ही पंडित गुफा में जाते है तो वहां शेर आ जाता है और उन्हें मार कर खा जाता है और पंडित की मृत्यु हो जाती है। इस नाटक में वरिष्ठ रंग कमी मनोज स्वामी, रेनू सनाढ्य, अर्जुन देव, धृति शर्मा, जिवतेश शर्मा ने अपने पात्रों को जीवंतता से जी कर अभिनय की दर्शकों पर छाप छोड़ी। नाटक में भजन कलाकार आनंद पुरोहित ने अपने भजनों से नाटक को ऊंचाइयां दी। मजीरे पर आयुष पुरोहित सहयोगी कलाकार योगेश शर्मा रहे। कार्यक्रम में खुश खरीद की देवेंद्र सिंघवी की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

राजस्थान शिक्षक संघ के विजेन्द्र खटाना बने अध्यक्ष

गंगापुर सिटी । राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) जिला गंगापुर सिटी की जिला कार्यकारिणी का चुनाव शनिवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी में हुए। मुख्य संरक्षक व प्रांतीय प्रशासनिक सदस्य सियाराम शर्मा ने बताया कि जो भी व्यक्ति संघ और शिक्षकों की हित में कार्य करेगा उसके लिए संघ हमेशा लडने के लिए तैयार हैं, उसके खिलाफ कोई भी कार्रवाई यदि उच्च अधिकारी करते हैं तो उसके प्रति हम हमेशा खडे रहेंगे। निर्वाचन अधिकारी रामलाल वैष्णव और सहायक निर्वाचन अधिकारी सुरेश शर्मा ने बताया कि संरक्षक के पद पर जगदीश नारायण मिश्र, सभा अध्यक्ष पद के लिए करण सिंह मीणा, उपसभा अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, अध्यक्ष पद पर विजेंद्र सिंह खटाना, कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गर्ग, प्रारंभिक शिक्षा उपाध्यक्ष भाग सिंह बैंसला, माध्यमिक शिक्षा उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गर्ग, महिला उपाध्यक्ष कविता जांगिड, मंत्री रामबाबू शर्मा, महिला मंत्री ज्योति वैष्णव, कोषाध्यक्ष पद पर गोपाल लाल गुप्ता, ऑडिटर पद पर बनवारी लाल मित्तल, प्रवक्ता देवेंद्र सिंह गुर्जर के रूप में निर्वाचित किया गया। सदस्य रूप में सदस्य प्रिंसिपल मुकेश कुमार मीणा, सदस्य वरिष्ठ अध्यापक महेशचंद शर्मा, सदस्य अध्यापक महेशलाल शर्मा, सदस्य पंचायत राज दिगंबर सिंह, सदस्य शारीरिक शिक्षक जसवंतसिंह राजपूत, सदस्य प्रयोगशाला सहायक दीपेंद्र सिंह मंगावा, प्रयोगशाला सदस्य दिनेश कुमार गोयल, सदस्य सेवानिवृत्त शिक्षक कृपाशंकर उपाध्याय, संगठन मंत्री मुरारी लाल मीणा, छोटा भीम महिला संगठन मंत्री, संयुक्त मंत्री गिरीश कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय संगठन मंत्री रामसहाय मीणा, कार्यालय मंत्री भगवान सहाय सैनी को निर्विरोध निर्वाचित किए गए।

जीतेश मीना गिरफ्तार

करौली(नि.स.)। चोरी किये कपडे माल मशरूका बरामद थाना सदर हिण्डौन 13 अप्रेल 2024 को दलजीतसिंह उर्फ चीकू पुत्र सुरेशचन्द जाति मीना निवासी कटकड थाना सदर हिण्डौन जिला करौली ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट इस आश्य की पेश कि 11अप्रेल 2024 की रात्रि को अज्ञातजन द्वारा दुकान के पीछे कि दीवार तोडकर रेडीमेट कपडे,जूता,चप्पल व लगभग नकद 6 हजार रूपये व डी जे की दो मशीन जिन्हे अज्ञातजन चुराकर ले गये।जिसका हिण्डौन सदर थाने पर मुकदमो दर्ज है। सदर थाना हिण्डौन कि पुलिस टीम ने आसूचना पर आरोपी जीतेश पुत्र रमसी उम्र 30 जाति मीना निवासी बीचकापुरा कटकड को गिरफ्तार किया।

जवाहर सिंह बेढम खिलाड़ियों को बधाई दी

डीग (निस)। 68वी राष्ट्रीय विद्यालयी खेल कूद तीरंदाजी 19 वर्ष छात्र छात्रा प्रतियोगिता 2024-25 स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ गुजरात कॉम्पलेक्स नडियाद गुजरात में चीफ डे मिशन गंगा सिंह गुर्जर डिप्टी फिजिकल भरतपुर संभाग भरतपुर के कुशल नेतृत्व में राजस्थान के तीरंदाजो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, 5 रजत तथा 7 कांस्य पदक जीतकर राजस्थान को गौरवान्वित किया। कम्पाउण्ड चटीम बालक वर्ग में योगेश जोशी, विशाल चौधरी, गौरव विरेन्द्र, ललित कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। कम्पाउण्ड टीम बालिका वर्ग में कियारा, भव्या, अन्वी, सुहाना ने ब्रान्ज मेंडल जीते। इण्डियन राउंड टीम बालक वर्ग में पवन कुमावत, रामदेव धोबी, प्रमोद, हिमांशु ने ब्रान्ज मेंडल जीते। रिकर्व टीम बालक वर्ग' में अयांश विश्नोई, कृष कुमार, नरेंद्र जाट, अजय कुमार नागरवाल ने सिल्वर मेडल जीते। व्यक्तिगत स्पर्धा में कृष कुमार ने 70 मीटर में सिल्वर, 50 मीटर में सिल्वर, 30 मीटर में ब्रॉन्ज जीता। रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में प्रांजल ठोलिया ने 70 मीटर में ब्रॉन्ज, 60 मीटर में ब्रॉन्ज, 50 मीटर में सिल्वर, 30 मीटर में सिल्वर इस प्रकार कुल एक स्वर्ण पदक, 5 रजत पदक व 7 कांस्य पदक जीते।

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित

सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओ को संबोधित करते पूर्व विधायक।

गंगापुर सिटी । जयपुर बाइपास पर पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के निवास पर भाजपा के संगठन पर्व 2024 के अंतर्गत सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गंगापुर सिटी शहर मंडल में ऑनलाइन सदस्य 1539, ऑफलाइन सदस्य 1757, ग्रामीण मंडल में ऑनलाइन सदस्य 300, ऑफलाइन 2550 वजीरपुर मंडल में ऑनलाइन सदस्य 95, ऑफलाइन सदस्य 1842, तलावडा मंडल में ऑनलाइन 165 और ऑफलाइन 3311 सदस्य बने। इस तरह भाजपा के सदस्यता अभियान में कुल 2099 ऑनलाइन जबकि 9405 ऑफलाइन सहित कुल 11 हजार 559 भाजपा के सदस्य बनाए गए। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने मौजूदगी सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब सभी को मिलकर भाजपा परिवार को और विशाल करना है, जिसके लिए हम सभी को कडी मेहनत के साथ सदस्यता अभियान में शामिल होकर अधिक से अधिक आमजन को भाजपा की विचारधारा से परिपूर्ण कर सदस्य बनाकर भाजपा की विचारधारा से जोडना है। इस मौके पर सभापति शिवरतन अग्रवाल ने बताया कि भाजपा का सदस्यता अभियान देशव्यापी है। यह अभियान 2047 में विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने आ ान किया कि घर-घर जाकर लोगों को सदस्यता अभियान से जोडे। पूर्व जिला महामंत्री मनोज बंसल ने बताया कि भाजपा है तो भरोसा है, भाजपा है तो गारंटी है। भाजपा सरकार में देश और प्रदेश में खुशहाली है। भाजपा सरकार में महिला, किसान, नौजवान, गरीब, व्यापारी सुरक्षित और निडर है।

सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन

भरतपुर (निस)। शनिवार को पूर्व नगर निगम पार्षद नीतू मौसी किन्नर के द्वारा 13वां सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन अभिनन्दन मैरिज होम पर किया गया। जिले में यूंतो कई सामाजिक संगठनों के द्वारा सामूहिक विवाह समारोहों का आयोजन कर शादियां कराई जाती है। जिनमें कई संस्थाएं जरूरतमंद बेटियों की शादी के आगे बढकर उनकी शादी कराती हैं। जिनमें सरकार के द्वारा भी सहयोग दिया जाता है। लेकिन नगर निगम की पूर्व पार्षद नीतू मौसी के द्वारा जिस पर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल दी जाती है। जिसमें वे किसी भी भामाशाह व सरकार से आर्थिक सहायता नहीं लेती है। उनके द्वारा अपनी राशि से जरूरतमंद बेटियों की शादी कराई जाती है। साल भर में जजमानों के घर से जो भी बधाई मिलती है उसका 80: गरीब कन्याओं की शादी में खर्च कर देती है। नीतू मौसी के द्वारा हर वर्ष एक ही मंडल के नीचे हिन्दू व मुस्लिम बेटियों की शादियां कराई जाती है। नीतू मौसी अब तक 13 सामूहिक विवाह समारोहों के दौरान 130 गरीब हिंदू व मुस्लिम बेटियों की शादी करवा चुकी हैं। सामूहिक विवाह समारोह में उनके द्वारा कन्या को 5 तोला सोना, चांदी की बिछिया, तोड़िया, हाथ की घड़ी, फ्रिज, कूलर बैड सहित 51 बर्तन के साथ गृहस्थी का पूरा सामान दिया जाता है। विवाह सम्मेलन की सबसे खास बात यह है कि एक ही विवाह मंडप में वैदिक मंत्र और निकाह की आयतें गूंजती हैं। इस मौके पर शहर के लोगों के द्वारा भी सामूहिक विवाह समारोह में कन्याओं को अपनी और से तोहफा देकर कन्यादान कर वर वधू को आशीर्वाद दिया जाता है।

हजारों दीपकों की रोशनी से झिलमिलाया माता का मंदिर

करौली। (नि.स.)। करनपुर वाली गुमानो माता के दरबार में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ इस दौरान हजारों दीपकों की रोशनी से माता का मंदिर प्रांगण झिलमिला उठा वहीं माता को छप्पन भोग लगाकर फूल बंगला कि झांकी सजाते हुए रात भर देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां करणपुर गुमानो दीपदान सेवा समिति करौली के तत्वाधान में करनपुर वाली गुमानो माता के दरबार में विशाल दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान करौली से पहुंचे सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष मां भक्तों ने माता के मंदिर प्रांगण में दीप प्रज्वलित कर अपनी मनौतिया मांगी इस दौरान हजारों दीपकों कि रोशनी से पूरा मंदिर प्रांगण झिलमिला उठा वही समिति के तत्वाधान में माता रानी के मंदिर को फूल बंगला कि झांकी से सजाकर छप्पन भोग लगाए गए एवं करौली वालों की धर्मशाला में देवी जागरण व भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरण कार्यक्रम में श्रीजी म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार अंकेश पाराशर ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके बाद माता कि भेंट,भजन और लांगुरिया की प्रस्तुति के दौरान श्रद्धालु अपने स्थान पर खड़े होकर ठुमके लगाने लगे और जमकर तालियां बटोरी जागरण कार्यक्रम प्रात: 5:00 बजे आरती के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान भक्तों को लड्डू की प्रसादी का वितरण किया गया गुमानो माता के मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दर्शन करने पहुंचे जहां पूरा मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से अटा नजर आया और चारों तरफ माता रानी के जयकारे गूजते रहे इस दौरान समिति के रेवती प्रसाद शर्मा, हरि काका तंबोली, आकाश भगत, कैलाश शर्मा, महेश उपाध्याय,सुमित गर्ग,चंचल जागा,रवि बजाज,कैला'ा शर्मा के अलावा अन्य पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

प्रेस दिवस मनाया

करौली(नि.स.)। जिला मुख्यालय पर शनिवार को अग्रसेन आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय फूटाकोट पर प्रेस दिवस मनाया गया कार्यक्रम प्रात: 11:00 बजे आरंभ हुआ। वरिष्ठ पत्रकार नेमीचंद शर्मा और शिव कुमार शर्मा हरदैनियां ने मां सरस्वती और महात्मा गांधी के चित्रपट्ट पर पुष्पाहार चढा दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ ,व्यवस्थापक रामदयाल व्यास और जिला मुख्यालय के पत्रकारों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक शिवकुमार शर्मा हरदैनियां ने बताया कि आजादी से पूर्व पत्रकार दिन में सोते-रात को जागते थे तब जाकर अंग्रेजों को भगाया जा सका स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 1966 से प्रेस दिवस 16 नवंबर को मनाया जाने लगा पत्रकार धर्मेंद्र शर्मा ने छात्र व छात्राओं से समाचार चैनल देखने कि बात कही और प्रात: समाचार पत्र पढ़ते रहने चाहिए इससे सामान्य ज्ञान का विकास होगा और प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करोगे। दिनेश शर्मा ने भी रोजाना ज्ञान का विस्तार, विकास के लिए टीवी चैनल,समाचार पत्रों के उपयोग करने पर जोर देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र व मोहल्ले कि कोई समस्या हो तो समाचार पत्र कार्यालय में इसकी जानकारी अव'य देवें। विद्यालय कि प्राधानाचार्य श्रीमति अनीता गुप्ता ने एवं व्यवस्थापक रामदयाल व्यास ने भी छात्र-छात्राओं को समाचारों का प्रेस दिवस पर महत्व बताया कृष्ण गोपाल शुक्ला पत्रकार,विवेक चतुर्वेदी, अभय कुमार शास्त्री जिला अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंगठन करौली,अखिलेश भारद्वाज, राहुल प्रजापत,महेंद्र कुमार एवं समस्त विद्यालय स्टाफ,छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

भरतपुर (निस)। राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में तीन दिवसीय योग आधारित प्रशिक्षण शिविर रविवार से प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 19 नवम्बर तक चलेगा। प्रशिक्षण के प्रथम दिन रविवार को भारतीय शिक्षण मण्डल जयपुर प्रांत के प्रांतीय सम्पर्क प्रमुख अनिल भारद्वाज, राजस्थान मुख्य प्रशिक्षक योगाचार्य देवेन्द्र भारद्वाज, प्रशिक्षण कार्यक्रम के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह द्वारा सर्वप्रथम मां शारदे की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन किया एवं मां शारदे की वन्दना की गई।

आम सूचना

हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्रीमती कुसुमा पत्नी श्री अशोक कुमार जो कि मकान जो वार्ड नं. 20 सेड का मद पुराना भरतपुर, बनाप 2385 वर्गफीट है। सर्वप्रथम उक्त मकान का पट्टा जो कि नगर पालिका भरतपुर, द्वारा श्री निनुआराम पुत्र श्री तुलीया के हक में दिनांक 22.12.1966 को जारी किया। तत्पश्चात् श्री निनुआराम पुत्